# Code No. 1503

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11-April/2021**

रोल नं० ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

[ सभी वर्ग **I, II, III** के लिए ]

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड** नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :-*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 13 = 13$

(i) 'पतियाना' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) विश्वास करना (ख) गिरना

(ग) पत्ते आना (घ) पापी बनना

(ii) साधक सहजता से किसमें समा सकता है ?

(क) नरक में (ख) पानी में

(ग) आग में (घ) सहज में

(iii) प्रेम की बेल का फल क्या है ?

(क) कलह (ख) संघर्ष

(ग) आनन्द (घ) मरण

(iv) 'नारायण' शब्द का अर्थ है :

(क) जंगल में रहने वाला (ख) पानी में है घर जिसका

(ग) शादीशुदा (घ) नगण्य

(v) किसान के बेटे को किसने मारा ?

(क) बीमारी ने (ख) कारकुनों ने

(ग) आतंकियों ने (घ) चोरों ने

(vi) किसान की कौन-सी संपत्ति उजड़ गई ?

(क) सुख की खेती (ख) भव्य भवन

(ग) विशाल व्यापार (घ) विदेशी संपदा

(vii) किसान की पुत्रवधू कैसे मरी ?

(क) जलकर (ख) कटकर

(ग) कुएँ में डूबकर (घ) रोग से

(viii) कवि की नज़र में क्या तिर रहा था ?

(क) घर (ख) मित्र

(ग) ईश्वर (घ) सूर्य

(ix) कवि के पिता के कार्य में किसकी गति थी ?

(क) मन की (ख) रॉकेट की

(ग) झंझा की (घ) शेर की

(x) कवि कारागार में भी कैसा था ?

(क) सुस्त
(ख) मस्त
(ग) ध्वस्त
(घ) अस्त

(xi) 'दरख्तों के साये में धूप लगने' का क्या अर्थ है ?

(क) प्रशासनिक अव्यवस्था
(ख) पतझड़
(ग) वृक्षों का सूखना
(घ) गरमी अधिक होना

(xii) 'बहर' किस भाषा का शब्द है ?

(क) हिन्दी का
(ख) संस्कृत का
(ग) उर्दू का
(घ) फ्रेंच का

(xiii) आजकल मानव के दिल से क्या गायब होता जा रहा है ?

(क) भोलापन
(ख) ईश्वरीयता
(ग) बेईमानी
(घ) घृणा

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

मैं मजे में हूँ सही है
घर नहीं हूँ बस यही है,
किंतु यह बस बड़ा बस है
इसी बस से सब विरस है।

अथवा

वह स्वाधीन किसान रहा
अभिमान भरा आँखों में इसका,
छोड़ उसे मँझधार आज
संसार कगार सदृश बह खिसका।

P.T.O.

$1 \times 13 = 13$

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(i) अलोपीदीन ने वंशीधर के सामने किस प्रकार का पत्र रखा ?

(क) कुशलता का (ख) स्टांप लगा हुआ

(ग) धमकी-भरा (घ) घूसखोरी का

(ii) विनयशील अलोपीदीन के सामने वंशीधर की आँखें कैसी हो गईं ?

(क) डबडबाई हुई (ख) क्रोधपूर्ण

(ग) घृणामयी (घ) द्वेषपूर्ण

(iii) अंग्रेज अफसर अलोपीदीन के इलाके में क्यों आते थे ?

(क) व्यापार करने (ख) दावत खाने

(ग) शिकार खेलने (घ) जुआ खेलने

(iv) मियाँ नसीरुद्दीन कितनी किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए मशहूर थे ?

(क) छप्पन किस्म की (ख) सात किस्म की

(ग) चार किस्म की (घ) आठ किस्म की

(v) पापड़ से भी अधिक महीन कौन-सी रोटी होती है ?

(क) शीरमाल (ख) खमीरी

(ग) बेसनी (घ) तुनकी

(vi) मोहन के पिता का मुख्य कार्य क्या था ?

(क) मजदूरी (ख) पुरोहिताई

(ग) व्यापार (घ) नौकरी

(vii) धनराम के शिक्षक का क्या नाम था ?

(क) लीलाराम (ख) घनश्याम

(ग) शोभाराम (घ) त्रिलोक सिंह

(viii) स्पीति के पहाड़ों पर क्या नहीं है ?

(क) हिम (ख) शीत

(ग) शिव का अट्टहास (घ) वीरानी

(ix) 1960 ई० में लाहुल-स्पीति किस राज्य का जिला था ?

(क) पंजाब का (ख) उत्तराखण्ड का

(ग) जम्मू-कश्मीर का (घ) उत्तर प्रदेश का

(x) पेड़ के नीचे दबे हुए व्यक्ति की कवि के रूप में पहचान सबसे पहले किसने की ?

(क) लिपिक ने (ख) माली ने

(ग) चपरासी ने (घ) सचिव ने

(xi) जामुन का पेड़ कब गिरा ?

(क) रात में (ख) दोपहर में

(ग) सायंकाल (घ) सुबह-सुबह

(xii) स्वराज्य से किसे लाभ संभव था ?

(क) एक वर्ग को (ख) सबको

(ग) एक जाति को (घ) एक क्षेत्र को

(xiii) आर्थिक मंदी कब पैदा हुई ?

(क) 1930 ई० के बाद (ख) 1900 ई० से पहले

(ग) 1950 ई० के बाद (घ) कभी नहीं

4. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

सामान्य तौर से ब्राह्मण टोले के लोगों का शिल्पकार टोले में उठना-बैठना नहीं होता था। किसी काम-काज के सिलसिले में यदि शिल्पकार टोले में आना ही पड़ा तो खड़े-खड़े बातचीत निपटा ली जाती थी। ब्राह्मण टोले के लोगों को बैठने के लिए कहना भी उनकी मर्यादा के विरुद्ध समझा जाता था।

**अथवा**

वृत्ति नहीं है। फिर क्यों रहते हैं ? क्या अपने धर्म की रक्षा के लिए रहते हैं ? अपनी जन्मभूमि के ममत्व के कारण रहते हैं ? या इस मजबूरी में रहते हैं कि कहीं और जा नहीं सकते ? कहाँ जाएँ ? या फिर और बातों के साथ-साथ यह सब कारण हैं ?

P.T.O.

**5.** *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 × 4 = 4

(i) बैठक में विचार के लिए जिन बिन्दुओं को रखा जाता है, उन्हें क्या कहते हैं ?

(क) स्मरण पत्र (ख) कार्यसूची

(ग) अर्द्ध सरकारी पत्र (घ) अधिसूचना

(ii) बैठक में लिए गए निर्णयों को सर्वसामान्य तक किस प्रकार पहुँचाया जाता है ?

(क) प्रेस विज्ञप्ति द्वारा (ख) सरकारी पत्र द्वारा

(ग) परिपत्र द्वारा (घ) अनुस्मारक द्वारा

(iii) पत्रकारिता की साख बनाए रखने के लिए सबसे अधिक आवश्यक क्या है ?

(क) आलोचना (ख) तथ्यों की शुद्धता

(ग) तरंग शैली (घ) उदात्त भाषा

(iv) डायरी को निम्न में से किस रूप में समझा जाता है ?

(क) दिव्य लेखन (ख) ईश-वचन

(ग) निजी वस्तु (घ) मुक्तक काव्य

**6.** व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 10 = 10

(i) 'हथघड़ी' समस्तपद का उचित विग्रह क्या है ?

(क) हाथ की घड़ी (ख) हाथ में घड़ी

(ग) हाथ के लिए घड़ी (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'निकम्मा' शब्द में कौन-सा समास है ?

(क) कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि

(ग) तत्पुरुष (घ) अव्ययीभाव

7. सुमित्रानन्दन पंत *अथवा* भवानीप्रसाद मिश्र के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए। 4

8. 'निरभै भया कबीर दिवाना' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

9. धनराम *अथवा* अलोपीदीन का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4

10. स्पीति की फसलों का वर्णन कीजिए। 2

11. *'वितान' (भाग-1)* के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

(क) लता मंगेशकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) गहरी कुंई खोदने में बसौली की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

(ग) कुंई के रख-रखाव का वर्णन कीजिए।

(घ) बेबी की गरीबी का चित्रण कीजिए।

(ङ) फोटो ऐलबम देखकर बेबी के मन में भावनाओं का ज्वार किस प्रकार से उमड़ा ?

12. *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 + 5 = 10

(क) डायरी लेखन की कला का विश्लेषण कीजिए।

(ख) पत्रकारिता से सम्बद्ध संपादन के सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए।